राजस्थान सरकार

# कार्यालय उप निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद जैसलमेर

email-ddagr.jaisal.agri@rajasthan.gov.in
Phone No 02992-251325

क्रमांकः– 2022–23/2988-3007

दिनांकः–29/9/22

**बैठक – कार्यवाही**

वैश्विक पर्यावरण सुविधा (Globel envionmental facility-GEF) अन्तर्गत FAO द्वारा वित्त पोषित हरित कृषि परियोजना के क्रियान्वयन हेतू प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा गठित जिला स्तरीय तकनीकी सहायता समूह (Technical Support Group) की बैठक का आयोजन जिला कलेक्टर जैसलमेर की अध्यक्षता में दिनांक **22.09.2022 को** 11:30 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार में किया गया । बैठक मे उपस्थिति अधिकारियो, मनोनित सदस्यो, सरंपच गणो, जीएलआईयू के प्रतिनिधियो की सूची सलंग्न है।

1. बैठक मे सदस्य सचिव एवं उपनिदेशक कृषि (वि.) श्री राधेश्याम नारवाल ने सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से सभी का स्वागत करते हुए इस प्राजेक्ट के बारे मे संक्षिप्त जानकारी प्रदान की एवं अवगत करवाया कि एफएओ द्वारा वित्त पोषित योजना मे जैसलमेर एवं बाडमेर के डीएनपी क्षेत्र मे आने वाले गांवो एवं आसपास के गावो मे कृषि एवं कृषि से सम्बध विभिन्न विभागो यथा पशुपालन, भू सरंक्षण, महिला एवं बाल विकास विभाग,कृषि विज्ञान केन्द्र, काजरी, वन विभाग कृषि उद्यानिकी विभाग आदि के सहयोग समन्वय से जैव विविधता को बनाये रखने के लिए किये जाने वाले कार्यो पर जानकारी प्रदान की गई।
2. बैठक मे परियोजना अन्तर्गत उच्च प्राथमिकता के गांवो का चयन प्रथम, द्वितीय व तृतीय फेज सलंग्न सूची अनुसार अनुमोदन किया गया एवं प्रथम फेज मे गतिविधियो का क्रियान्वयन NPMU/SPMU के निर्देशन में किये जाने का निर्णय लिया गया।
3. जिला कलक्टर महो0 द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि इस प्रोजेक्ट मे चयनित गांवो मे ग्राम स्तर कि विलेज इम्पलीमेट कमेटियो (VIC) का गठन प्राथमिकता से किया जाकर स्थानीय जनप्रतिनिधियो के सहयोग से परियोजना मे अनुमत कार्यो एवं गावो कि आवश्यकता अनुसार कृषि, जल संरक्षण, पशुपालन व अन्य विभागो के कार्य प्लान मे शामिल करे जिससे ग्रामीणो को अधिकाधिक लाभ मिल सके।
4. TSG के समस्त सदस्यों के सुझावों से अवगत होकर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि :–
   (A) डीएनपी पार्क में ग्रीन एजी परियोजना अन्तर्गत संबद्व विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं का परियोजना बजट मद से कर्न्वजेन्स किस माध्यम से किस प्रकार किया जाकर इस क्षेत्र के कृषकों ,पशुपालकों को लाभान्वित किया जाना है के स्पष्ट दिशानिर्देश NPMU/SPMU स्तर से जारी किया जाना अपेक्षित है जिससे GLIU टीम सम्बद्व विभागों से समन्वय कर तद्नुरूप कियान्वयन कर सके।
   (B) डीएनपी पार्क परियोजना अन्तर्गत किये जाने वाले प्रस्तावित कार्यो/उद्देश्यों की क्रियान्वित के लिए भी स्पष्ट दिशानिर्देशों NPMU/SPMU के स्तर से यथाशीघ्र GLIU टीम को उपलब्ध करवाया जाना नितान्त आवश्यक है जिससे परियोजना अन्तर्गत कार्यो का सम्पादन करवाया जाना संभव हो सके।

(C) GLIU टीम उपलब्ध मैनपावर में, टीम लीडर सहित 6 विषय विशेषज्ञ परियोजना का कार्य छोड़ चुके है जिस हेतू SPMU स्तर से, यथाशीघ्र योग्यताधारी, रूचि के साथ कार्य करने वाले व्यक्तियों को लगाये जाने के निर्देश दिये गये ।

(D) अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिये कि टीएसजी बैठको में NPMU/SPMU स्तर के अधिकारीयो द्वारा भी भाग लिया जावे एवं परियोजना के कियान्वयन के संबध में आवश्यक मार्गदर्शन दिये जावे। साथ में कमेटी सदस्यों द्वारा यह भी सुझाव दिया कि परियोजना के प्रभावी कियान्वयन हेतू NPMU/SPMU स्तर से CRP-GLIU द्वारा किये जाने वाले कार्यो का स्पष्ट ,माहवार विवरण मय आवश्यक दिशानिर्देश जारी कर उपलब्ध करावें।

5. तकनीकी सहायता समूह बैठक मे मनोनित सदस्य श्री हरिश धनदेव द्वारा डीएनपी क्षेत्र के इस परियोजना अन्तर्गत किये जाने वालो कार्यो का पहले वन विभाग से स्वीकृति या अनुमत होने पर ही शामिल करने का सुझाव दिया जिससे बाद मे अनावश्यक विवाद नही रहे। उन्होने यह भी अवगत करवाया इस प्राजेक्ट मे कार्य करने वाले टीम लीडर व अन्य रिक्त पदो पर स्थानीय योग्यताधारी युवाओ को लगाया जावे जिससे डीएनपी क्षेत्र मे सुगमता एवं प्रभावी रूप से कार्य कर सकेगें।

6. प्रधान प.स. सम श्री तनेसिंह सोढा द्वारा प्रोजेक्ट मे डीएनपी क्षेत्र के लिए बारानी खेती, जल सरंक्षण, व पशुपालन चारागाह विकास आदि स्थानिय आवश्यकताओं पर आधारित कार्य विलेज एक्शन प्लान में शामिल कर परियोजना में दिये गये बजट प्रावधान का सदुपयोग धरातल पर कार्य कर करवाये जाने का सुझाव दिया गया।

7. बैठक मे उपवन संरक्षक श्री आशीष व्यास द्वारा प्राजेक्ट अन्तर्गत बायो डायवरसिटी सरंक्षण के लिए वन विभाग द्वारा बनाये गये क्लोजर व अन्य विभागीय गतिविधियो की जानकारी दी एवं परियोजना अन्तर्गत यथा संभव सहयोग प्रदान करने व वन्य जीव संरक्षण के साथ अन्य क्षेत्र के लिए उपयोगी कृषि–पशुपालन गतिविधियो का कियान्वयन किये जाने का सुझाव दिया गया ।

8. बैठक मे सरपंचों द्वारा अवगत करवाया गया की CRP (Community resource person) द्वारा गांवो मे जो कमेटिया (VIC)या सर्वे आदि कार्य किया जाना है उनकी सूचना सम्बधित ग्राम पंचायत के सरपंच का समय पर अनिवार्य रूप से दी जावे तथा उनके सुझाव निर्देशन में ही सीआरपी द्वारा कार्ययोजना बनाई जावे।

9. कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ दीपक चतुर्वेदी द्वारा कम पानी मे अधिक उत्पादन देने वाली फसलो को बढावा देने, उन्नत किस्मो को चयन, क्लाईमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर पर कि जाने वाली गतिविधियो का कियान्वयन किये जाने पर जानकारी प्रदान की गई तथा परियोजना अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यो हेतू GLIU द्वारा चाहने पर काजरी केवीके के वैज्ञानिकों द्वारा समग्र मार्ग दर्शन निर्देशन किया जावेगा।

अन्त मे बैठक सधन्यवाद सम्माप्त की गई ।

(राधेश्याम नारवाल)
उप निदेशक कृषि (विस्तार)
एवं सदस्य सचिव जिला स्तरीय
तकनीकी सहायता समूह
जैसलमेर

सलग्न:-

क्रमांकः– 2022–23/ 2988-3007

दिनांकः– 29.9.2022

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1 श्रीमान जिला कलक्टर, जैसलमेर।
2 श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जैसलमेर।
3 श्रीमान अधीक्षण अभियन्ता भू–सरंक्षण जैसलमेर
4 श्रीमान संयुक्त निदेशक पशुपालन जैसलमेर
5 श्रीमान संयुक्त निदेशक कृषि (एटीसी), जयपुर
6 श्रीमान उप वन सरंक्षक जैसलमेर
7 श्रीमान उप वन सरंक्षक (वन्य जीव) जैसलमेर
8 श्रीमान मुख्य वैज्ञानिक काजरी (CAZRI) जैसलमेर
9 श्रीमान परियोजना समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र जैसलमेर
10 श्रीमान परियोजना निदेशक कृषि, आत्मा जैसलमेर
11 श्रीमान उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, जैसलमेर
12 श्रीमान उप निदेशक, समाज कल्याण जैसलमेर
13 सहायक अभियन्ता जल संसाधन विभाग, जैसलमेर
14 सहायक अभियन्ता भू–जल विभाग जैसलमेर
15 सहायक निदेशक कृषि / उद्यान जैसलमेर
16 डी.एन.पी. क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सरंपचगण
17 राज्य परियोजना प्रबन्ध इकाई के प्रतिनिधि
18 श्री हरीश धनदे, गांव–चेलक मनोनित गैर–शासकीय सदस्य
19 श्री जानब खां, गांव– सगरों की बस्ती, जैसलमेर मनोनित गैर–शासकीय सदस्य
20 टीम लीडर जीएलआईयू जैसलमेर।

उप निदेशक कृषि (विस्तार)
एवं सदस्य सचिव जिला स्तरीय
तकनीकी सहायता समूह जैसलमेर

जिला–जैसलमेर

प्रथम चरण  कलस्टर–1

| क.सं. | ग्राम पंचायत | | ग्राम का नाम | डीएनपी के अन्दर/आंशिक अन्दर/समीपस्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीदा | 1 | बीदा | अन्दर |
| | | 2 | नीम्बा | अन्दर |
| | | 3 | रहू का पार | समीपस्थ |
| | | 4 | मेहबूब का पार | अन्दर |
| 2 | सिपला | 5 | सिपला | आंशिक अन्दर |
| | | 6 | जामड़ा | आंशिक अन्दर |
| | | 7 | कुम्हार कोठा | आंशिक अन्दर |
| | | 8 | धुलिया | अन्दर |
| 3 | सम ✓ | 9 | सम | आंशिक अन्दर |
| | | 10 | गांगा | अन्दर |
| | | 11 | लूणों की बस्ती | आंशिक अन्दर |
| 4 | कनोई ✓ | 12 | कनोई | आंशिक अन्दर |
| 5 | कुछडी | 13 | कुछडी | समीपस्थ |
| 6 | सलखा | 14 | सलखा | समीपस्थ |
| | | 15 | दुजासर | समीपस्थ |

द्वितीय चरण  कलस्टर–2

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | लूणार | 16 | लूणार | समीपस्थ |
| | | 17 | गुंजनगढ़ | समीपस्थ |

| क.सं. | ग्राम पंचायत | | ग्राम का नाम | डीएनपी के अन्दर/आंशिक अन्दर/समीपस्थ |
|---|---|---|---|---|
| 8 | सगरों की बस्ती | 18 | सगरों की बस्ती | आंशिक अन्दर |
| | | 19 | मतुओं की बस्ती | आंशिक अन्दर |
| | | 20 | रोजाणियों की बस्ती | समीपस्थ |
| | | 21 | मेणुओं की बस्ती | समीपस्थ |
| | | 22 | हमीरों की बस्ती | समीपस्थ |
| 9 | तुर्कों की बस्ती | 23 | तुर्कों की बस्ती | समीपस्थ |
| | | 24 | लखमणों की बस्ती | समीपस्थ |
| | | 25 | मालीगडा | समीपस्थ |
| | | 26 | मुहार | समीपस्थ |
| 10 | खुहडी | 27 | खुहडी | आंशिक अन्दर |
| | | 28 | तेजसी | अन्दर |
| | | 29 | माणेरी | आंशिक अन्दर |
| 11 | धोबा | 30 | धोबा | आंशिक अन्दर |
| | | 31 | बरना | आंशिक अन्दर |
| | | 32 | नीम की ढाणी | समीपस्थ |
| | | 33 | जीवराजसिंह की ढाणी | समीपस्थ |
| | | 34 | रतडिया ढाणी | समीपस्थ |
| 12 | म्याजलार | 35 | म्याजलार | आंशिक अन्दर |
| | | 36 | केरला | समीपस्थ |
| | | 37 | मिठडाउ | समीपस्थ |
| | | 38 | वीरसिंह की ढाणी | समीपस्थ |
| 13 | दबडी | 39 | दबडी | आंशिक अन्दर |
| | | 40 | लाम्बापार | समीपस्थ |
| | | 41 | समेजापार | समीपस्थ |
| | | 42 | गजुओं की बस्ती | समीपस्थ |
| | | 43 | उकरालापार | समीपस्थ |
| 14 | दव | 44 | दव | आंशिक अन्दर |
| 15 | हटार | 45 | हटार | आंशिक अन्दर |
| | | 46 | चौहानी | आंशिक अन्दर |
| 16 | फुलिया | 47 | फुलिया | अन्दर |
| 17 | बेरिसियाला | 48 | बेरिसियाला | अन्दर |
| | | 49 | काठा | अन्दर |
| | | 50 | धाणेली | अन्दर |
| 18 | सत्तो | 51 | सत्तो | अन्दर |

म्याजलार रोड़, जैसलमेर–345001 (राज.) फोन एवं फैक्स–02992–252489 E-Mail:dcfwl.jslm.forest@rajasthan.gov.in

| क.सं. | ग्राम पंचायत | | ग्राम का नाम | डीएनपी के अन्दर/आंशिक अन्दर/समीपस्थ |
|---|---|---|---|---|
| **तृतीय चरण कलस्टर–3** | | | | |
| 19 | तेजरावा | 52 | तेजरावा | अन्दर |
| | | 53 | सिहडार | आंशिक अन्दर |
| | | 54 | आंटिया | आंशिक अन्दर |
| 20 | भंभारा | 55 | भंभारा | आंशिक अन्दर |
| | | 56 | सुकबाकोट | आंशिक अन्दर |
| | | 57 | चानणगढ | आंशिक अन्दर |

भवदीय

Ashish

उप वन संरक्षक

वन्य जीव, जैसलमेर